प्रारूप–11

(वनभूमि की माँग का औचित्य एवं विवरण)

# प्रतिवेदन

(संशोधित)

परियोजना का नाम :– जनपद टिहरी गढ़वाल मे नरेन्द्रनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कौड़ियाला से गंगलसी तक मोटर मार्ग नव निर्माण हेतु वनभूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव। (लम्बाई 2.00 किमी0)

जनपद टिहरी गढ़वाल मे विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत कौड़ियाला से गंगलसी मोटर मार्ग नव निर्माण हेतु शासनादेश संख्या 3930/111(2)/09–08 (एम0एल0ए0)/08 टी0सी0 दिनांक 02.03. 2009 द्वारा 2.00 किमी0 लम्बाई के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति रू070.00 लाख प्राप्त हुयी है। प्रस्तुत संरेखण ऋषिकेश बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 से प्रारम्भ हो कर गंगलसी गॉव मे जा कर मिलता है।

इस क्षेत्र मे यातायात की कोई सुविधा नही है जिससे ग्रामीणों को मुख्य मार्ग तक आने मे भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। यातायात की सुविधा न होने से विद्यार्थियों को पैदल चलना पडता है जबकि पैदल रास्तों मे जंगली जानवरों का डर रहता है। क्षेत्रवासियों को चिकित्सा की सुविधा से वंचित रहना पड़ता है। मार्ग निर्माण से क्षेत्र का आर्थिक ,सामाजिक, एवं शैक्षिक विकास होगा। अतः जन हित मे मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

यह समरेखण अधिकतर क्षेत्रीय जनता को आवागमन की सुविधा की दृष्टि एवं तकनीकी दृष्टिकोंण से भी उचित है और न ही इस समरेखण मे कोई कोनिक स्लिप जोन पड़ेगा।

इस मोटर मार्ग पर पड़ने वाले आरक्षित वनभूमि हस्तान्तरण 7.00 मीटर चौड़ाई मे लिया गया है जिसका कुल भूमि का क्षेत्रफल 1.33 हे0 है तथा वृक्षों की गिनती 7.00 मीटर चौड़ाई मे की गयी है जिनकी संख्या 170 है। मार्ग निर्माण मे कोई भी बांज वृक्ष नहीं आ रहा है। इस मार्ग मे पड़ने वाले ग्रामों की सूची निम्न प्रकार है:–

| कमांक | ग्राम सभा का नाम | कोड संख्या | आबादी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | बडीर | 044528 | 161 |
| 2 | गंगलसी | 044527 | 601 |

इस मोटर मार्ग पर पड़ने भूमि का विवरण निम्न प्रकार है:–

1. आरक्षित वनभूमि का क्षेत्रफल :– 1.050 हे0 (1500.00 मी0×7.00मी0)
2. सिविल सोयम भूमि का क्षेत्रफल :– 0.280 हे0 (400.00 मी0×7.00मी0)
3. नाप भूमि का क्षेत्रफल :– 0.070 हे0 (100.00 मी0×7.00मी0)

प्रभागीय वनाधिकारी
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग
मुनि-की-रेती

कनिष्ठ अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर।

उप प्रभागीय वनाधिकारी
(देवप्रयाग)
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग

Scanned by CamScanner